Regarding setting up of Agriculture University

m01 श्री जनार्दन सिंह सीग्रीवाल **(**महाराजगंज**):** सभापति महोदय, मैंने आपके माध्यम से अपने संसदीय क्षेत्र महाराजगंज, बिहार अन्तर्गत सारण जिला के जलालपुर प्रखण्ड मुख्यालय, जलालपुर में एक कृषि महाविद्यालय स्थापित करने के संबंध में पूर्व में भी कृषि विभाग से आग्रह किया था । फलस्वरूप, कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा मिशन शिक्षा/12-1 (पार्ट-II) दिनांक 20.05.2015 के माध्यम से बिहार सरकार से जमीन उपलब्ध कराने का अनुरोध किया गया, जिसके बाद बिहार सरकार के कृषि सचिव के द्वारा जमीन संबंधी ब्यौरा Secretary and Director General, Government of India, Department of Agriculture Research and Education and Indian Council of Agricultural Research, Krishi Bhawan को अपने पत्रांक 2167/27.04.2021 के द्वारा भेज दिया गया, लेकिन अभी तक कृषि महाविद्यालय स्थापित नहीं किया जा सका है ।

महोदय, मैं आपके माध्यम से आग्रह कर रहा हूं कि मेरे संसदीय क्षेत्र में सारण जिलान्तर्गत जलालपुर प्रखण्ड मुख्यालय में एक कृषि महाविद्यालय शीघ्र स्थापित करने हेतु अपने स्तर पर आवश्यक दिशा-निर्देश देने का कष्ट करें ।